आओ, ख़ुद देख लो 6

# जो नए सिरे से पैदा हुआ हो



*jo nae sire se paidā huā ho*

Born Again

by Bakhtullah

*[Ao, Khud Dekh Lo 6]*

(Urdu—Hindi script)

© 2023 www.chashmamedia.org
*published and printed by*
Good Word, New Delhi

The title cover is a collage of
BiancaVanDijk https://pixabay.com/images/id-7318705/;
geralt https://pixabay.com/images/id-7771227/.

Bible quotations are from UGV.

*for enquiries or to request more copies:*
askandanswer786@gmail.com

# फ़हरिस्त


| | |
|---|---|
| सच्चाई जानने की प्यास | 1 |
| जो नए सिरे से पैदा हुआ हो | 2 |
| तैरूँगा या डूब जाऊँगा? | 2 |
| हमारी मनज़िल : आसमान की बादशाही | 3 |
| हमारा वसीला : पानी और रूह | 4 |
| रूह का अनदेखा काम | 5 |
| हमारी राह : मसलूब मसीह | 6 |
| नूर के पास आओ | 7 |
| इंजील, यूहन्ना 3:1-21 | 8 |

फ़लस्तीन में एक इज़्ज़तदार आदमी बनाम नीकुदेमुस रहता था। एक रात वह ख़ुदावंद ईसा के पास आया। उसने कहा, “उस्ताद, हम जानते हैं कि आप ऐसे उस्ताद हैं जो अल्लाह की तरफ़ से आए हैं।”

## सच्चाई जानने की प्यास

नीकुदेमुस एक दिलचस्प आदमी है। वह एक बड़ा आलिम है। वह जानता है कि अल-मसीह आनेवाला है। और वह उसे देखने के लिए तड़प रहा है। अब ईसा अल-मसीह सामने आया है। उसकी बातें और काम ज़ाहिर करते हैं कि वह ख़ुदा की तरफ़ से है।

परवाना बत्ती से खिंच जाता है। इसी तरह जिसके अंदर सच्चाई जानने की प्यास है वह ख़ुदावंद ईसा से खिंच जाता है। यही नीकुदेमुस का हाल है। कोई चीज़ मसीह में है जो उसे खींच रही है। इसलिए नीकुदेमुस उसके पास पहुँचता है।

► **क्या आपके अंदर सच्चाई जानने की प्यास है?**

# जो नए सिरे से पैदा हुआ हो

► **ईसा मसीह जवाब में क्या कहता है?**

वह एक चौंका देनेवाली बात फ़रमाता है। “मैं तुझे सच बताता हूँ, सिर्फ़ वह शख़्स अल्लाह की बादशाही को देख सकता है जो नए सिरे से पैदा हुआ हो।”

► **क्या आपने कुछ नोट किया?**

नीकुदेमुस, ईसा मसीह की बड़ी तारीफ़ करता है। जवाब में मसीह एक बिलकुल अलग बात छेड़ता है।

► **क्यों?**

उसे नीकुदेमुस का प्यासा दिल साफ़ नज़र आता है। वह जानता है कि क्या चीज़ इस प्यास को बुझा सकती है। और यह चीज़ नए सिरे से पैदा होने का अमल है।

# तैरूँगा या डूब जाऊँगा?

नीकुदेमुस पाक नविश्तों की गहरी गहरी बातें जानता है। अब वह सोच रहा है कि यह आदमी कौन है जो ईसा कहलाता है। वह न सिर्फ़ एक बड़ा आलिम है। उससे बड़े मोजिज़े भी हो रहे हैं। क्या यह वह नजात देनेवाला है जिसके इंतज़ार में हम हैं? नीकुदेमुस उलझन में पड़ा है। अब वह रात के वक़्त आ गया है ताकि सुकून से ईसा मसीह की बातें सुन ले। वह महसूस कर रहा है कि मैं नहर के किनारे पर खड़ा हूँ। अब

सवाल है कि क्या मैं ग़ोता लगाऊँ या नहीं? अगर लगाया तो क्या होगा? तैरूँगा या डूब जाऊँगा?

► **जो भी ख़ुदावंद मसीह के हुज़ूर आता है उसे इस सवाल का सामना करना पड़ता है : तैरूँगा या डूब जाऊँगा?**

## हमारी मनज़िल : आसमान की बादशाही

मसीह उसकी परेशानी दूर नहीं करता बल्कि उसे मज़ीद उलझन में डाल देता है : तुझे नए सिरे से पैदा होना है अगर तू आसमान की बादशाही देखना चाहता है।

► **यह आसमान की बादशाही क्या चीज़ है?**

पाक नविश्ते बता चुके थे कि आसमान की बादशाही आनेवाली है। मतलब है ख़ुदा की बादशाही आनेवाली है। उस वक़्त उसका दुनिया पर पूरा राज होगा। तब न सिर्फ़ गुनाहगारों बल्कि गुनाह को ख़त्म किया जाएगा। यह एक नई दुनिया होगी जिसमें न गुनाह होगा, न जंग और न मौत।

यहूदी इस बादशाही के इंतज़ार में थे। नीकुदेमुस भी यह बादशाही देखने का प्यासा है। मगर मसीह फ़रमा रहा है कि तुम इस बादशाही को सिर्फ़ इस सूरत में देख सकते हो कि तुम नए सिरे से पैदा हुए हो।

► **यह कितनी अजीब बात है। नए सिरे से पैदा होने का क्या मतलब है?**

बड़े आलिम नीकुदेमुस को समझ नहीं आती बात। वह मसीह को उकसाने के लिए पूछता है, “क्या मतलब? बूढ़ा आदमी किस तरह नए सिरे से पैदा हो सकता है? क्या वह दुबारा अपनी माँ के पेट में जाकर पैदा हो सकता है?”

## हमारा वसीला : पानी और रूह

ईसा मसीह जवाब देता है, “मैं तुझे सच बताता हूँ, सिर्फ़ वह शख़्स अल्लाह की बादशाही में दाख़िल हो सकता है जो पानी और रूह से पैदा हुआ हो।”

पानी और रूह? नीकुदेमुस को समझ नहीं आती कि मसीह क्या कहना चाहता है।

► **क्या आपको पता है?**

ख़ुदा ने हिज़क़ियाह नबी से सदियों पहले फ़रमाया था कि

> मैं तुम पर साफ़ पानी छिड़कूँगा तो तुम पाक-साफ़ हो जाओगे। हाँ, मैं तुम्हें तमाम नापाकियों और बुतों से पाक-साफ़ कर दूँगा।
> तब मैं तुम्हें नया दिल बख़्शकर तुममें नई रूह डाल दूँगा। मैं तुम्हारा संगीन दिल निकालकर तुम्हें गोश्त-पोस्त का नरम दिल अता करूँगा। क्योंकि मैं अपना ही रूह तुममें डालकर तुम्हें इस क़ाबिल बना दूँगा कि तुम मेरी हिदायात की पैरवी और मेरे

> अहकाम पर ध्यान से अमल कर सको। (हिज़क़ि-येल 36:25-27)

मतलब साफ़ है : पहले, ख़ुदा अल-मसीह के वसीले से अपने लोगों को पानी से पाक-साफ़ करेगा। दूसरे, वह उनके सख़्त दिलों में नई रूह डाल देगा। पानी पाक हो जाने का निशान है जबकि रूह इलाही ज़िंदगी का निशान है जिससे इनसान ख़ुदा की राहों पर चल सकता है।

एक ही काम के दो पहलू हैं : जब हम ख़ुदावंद ईसा पर ईमान लाते हैं तब वह हमें पाक भी करता है और हमारे अंदर अपना रूह डाल देता है जो हमें तबदील कर देता है।

► **ग़रज़ नई पैदाइश का क्या मतलब है?**

पानी और रूह ऐसा इलाही काम है जिससे इनसान पूरे तौर पर बदल जाता है।

► **इसकी क्या ज़रूरत है?**

इनसान अपनी गुनाहगार हालत की वजह से ख़ुदा के हुज़ूर नहीं आ सकता न जन्नत में दाख़िल हो सकता है। सिर्फ़ वह दाख़िल हो सकता है जो पूरे तौर पर पाक-साफ़ हो जाता है, जिसका दिल एकदम बदल गया है।

## रूह का अनदेखा काम

► **लेकिन यह नई पैदाइश किस तरह ज़ाहिर होती है?**

ख़ुदावंद मसीह हवा की मिसाल देता है : हम हवा को न देख सकते न उसे कंट्रोल कर सकते हैं। वह अपनी मरज़ी से चलती है। तब हम उसे महसूस करते हैं। पेड़ों के पत्ते हिलते हैं। पौधे हवा में लहलहाते हैं। ख़ुदा का रूह भी इसी तरह है। वह अपनी मरज़ी से किसी के दिल में आकर उसे तबदील करता है। उसे देखा नहीं जाता लेकिन उसके काम से इनसान ख़ुदा की क़ुरबत में चलने लगता है।

# हमारी राह : मसलूब मसीह

► **हम यह नई ज़िंदगी किस तरह पा सकते हैं?**

ख़ुदावंद ईसा खंबे पर लटके साँप की मिसाल पेश करता है : जब इसराईली अभी रेगिस्तान में फिर रहे थे तो एक जगह पर वह बुड़-बुड़ाने लगे। नतीजतन बहुतों को ज़हरीले साँपों से डसा गया। जब मूसा ने उनकी सिफ़ारिश की तो ख़ुदा ने फ़रमाया कि "एक साँप बनाकर उसे खंबे से लटका दे। जो भी डसा गया हो वह उसे देखकर बच जाएगा।"

जिसने खंबे पर लटके साँप पर नज़र की वह बच गया।

मसीह को भी खंबे से लटका दिया गया। जो उस पर नज़र करे वह अबदी मौत से बच जाएगा।

तब ख़ुदावंद ईसा एक बात सुनाता है जो एक जुमले में इंजील की पूरी ख़ुशख़बरी पेश करती है :

> क्योंकि अल्लाह ने दुनिया से इतनी मुहब्बत रखी कि उसने अपने इकलौते फ़रज़ंद को बख़्श दिया, ताकि जो भी उस पर ईमान लाए हलाक न हो बल्कि अबदी ज़िंदगी पाए। क्योंकि अल्लाह ने अपने फ़रज़ंद को इसलिए दुनिया में नहीं भेजा कि वह दुनिया को मुजरिम ठहराए बल्कि इसलिए कि वह उसे नजात दे।

# नूर के पास आओ

► **तो जो ख़ुशी का यह पैग़ाम क़बूल नहीं करता उसका क्या बनेगा?**

ख़ुदावंद मसीह फ़रमाता है : अल्लाह का नूर इस दुनिया में आया। […] जो सच्चा काम करता है वह नूर के पास आता है।

ख़ुदावंद ईसा अल्लाह का नूर है। जो उसके पास आता है उस में यह नूर चमकने लगता है। और यह नूर उस के अच्छे कामों से ज़ाहिर हो जाता है। लेकिन जो अंधेरे में रहना पसंद करता है वह बुरा काम करता है। उसके अपने काम उसे मुजरिम ठहराते हैं। इस हालत में वह आसमान की बादशाही में दाख़िल नहीं हो सकता।

जो नए सिरे से पैदा हुआ हो उसमें पाक रूह बसता है और वह मसीह को तकता रहता है। उसका दिल उसके नूर से भरा रहता है। वह इस दुनिया में रहते हुए अबदी ज़िंदगी पाता है।

► **क्या मुझे नई पैदाइश मिल चुकी है? क्या उसका रूह मुझमें बसता है और मैं मसीह को तकता रहता हूँ? क्या उसका नूर मेरी ज़िंदगी में चमक-दमक रहा है?**

## इंजील, यूहन्ना 3:1-21

फ़रीसी फ़िरक़े का एक आदमी बनाम नीकुदेमुस था जो यहूदी अदालते-आलिया का रुकन था। वह रात के वक़्त ईसा के पास आया और कहा, “उस्ताद, हम जानते हैं कि आप ऐसे उस्ताद हैं जो अल्लाह की तरफ़ से आए हैं, क्योंकि जो इलाही निशान आप दिखाते हैं वह सिर्फ़ ऐसा शख़्स ही दिखा सकता है जिसके साथ अल्लाह हो।”

ईसा ने जवाब दिया, “मैं तुझे सच बताता हूँ, सिर्फ़ वह शख़्स अल्लाह की बादशाही को देख सकता है जो नए सिरे से पैदा हुआ हो।”

नीकुदेमुस ने एतराज़ किया, “क्या मतलब? बूढ़ा आदमी किस तरह नए सिरे से पैदा हो सकता है? क्या वह दुबारा अपनी माँ के पेट में जाकर पैदा हो सकता है?”

ईसा ने जवाब दिया, “मैं तुझे सच बताता हूँ, सिर्फ़ वह शख़्स अल्लाह की बादशाही में दाख़िल हो सकता है जो पानी और रूह

से पैदा हुआ हो। जो कुछ जिस्म से पैदा होता है वह जिस्मानी है, लेकिन जो रूह से पैदा होता है वह रूहानी है। इसलिए तू ताज्जुब न कर कि मैं कहता हूँ, 'तुम्हें नए सिरे से पैदा होना ज़रूर है।' हवा जहाँ चाहे चलती है। तू उसकी आवाज़ तो सुनता है, लेकिन यह नहीं जानता कि कहाँ से आती और कहाँ को जाती है। यही हालत हर उस शख़्स की है जो रूह से पैदा हुआ है।"

नीकुदेमुस ने पूछा, "यह किस तरह हो सकता है?"

ईसा ने जवाब दिया, "तू तो इसराईल का उस्ताद है। क्या इसके बावुजूद भी यह बातें नहीं समझता? मैं तुझको सच बताता हूँ, हम वह कुछ बयान करते हैं जो हम जानते हैं और उसकी गवाही देते हैं जो हमने ख़ुद देखा है। तो भी तुम लोग हमारी गवाही क़बूल नहीं करते। मैंने तुमको दुनियावी बातें सुनाई हैं और तुम उन पर ईमान नहीं रखते। तो फिर तुम क्योंकर ईमान लाओगे अगर तुम्हें आसमानी बातों के बारे में बताऊँ? आसमान पर कोई नहीं चढ़ा सिवाए इब्ने-आदम के, जो आसमान से उतरा है।

और जिस तरह मूसा ने रेगिस्तान में साँप को लकड़ी पर लटकाकर ऊँचा कर दिया उसी तरह ज़रूर है कि इब्ने-आदम को भी ऊँचे पर चढ़ाया जाए, ताकि हर एक को जो उस पर ईमान लाएगा अबदी ज़िंदगी मिल जाए। क्योंकि अल्लाह ने दुनिया से इतनी मुहब्बत रखी कि उसने अपने इकलौते फ़रज़ंद को बख़्श दिया, ताकि जो

भी उस पर ईमान लाए हलाक न हो बल्कि अबदी ज़िंदगी पाए। क्योंकि अल्लाह ने अपने फ़रज़ंद को इसलिए दुनिया में नहीं भेजा कि वह दुनिया को मुजरिम ठहराए बल्कि इसलिए कि वह उसे नजात दे।

जो भी उस पर ईमान लाया है उसे मुजरिम नहीं क़रार दिया जाएगा, लेकिन जो ईमान नहीं रखता उसे मुजरिम ठहराया जा चुका है। वजह यह है कि वह अल्लाह के इकलौते फ़रज़ंद के नाम पर ईमान नहीं लाया। और लोगों को मुजरिम ठहराने का सबब यह है कि गो अल्लाह का नूर इस दुनिया में आया, लेकिन लोगों ने नूर की निसबत अंधेरे को ज़्यादा प्यार किया, क्योंकि उनके काम बुरे थे। जो भी ग़लत काम करता है वह नूर से दुश्मनी रखता है और उसके क़रीब नहीं आता ताकि उसके बुरे कामों का पोल न खुल जाए। लेकिन जो सच्चा काम करता है वह नूर के पास आता है ताकि ज़ाहिर हो जाए कि उसके काम अल्लाह के वसीले से हुए हैं।”